राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0

(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)

प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010

दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक– 437/241/एनयूएलएम/तीन/2014(NSDC)Vol-I दिनांक 20-7-17

सेवा में,

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
राष्ट्रीय कौशल विकास निगम(एन0एस0डी0सी0)
नई दिल्ली।

विषयः **DAY-NULM के अन्तर्गत NSDC पार्टनर संस्थाओं द्वारा किये गये कौशल प्रशिक्षण के प्रमाणीकरण एवं सेवायोजन की धीमी प्रगति एवं संस्थाओं द्वारा शहर स्तर पर अधिकारियों को सहयोग/सूचनाएं नही उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन(DAY-NULM) के घटक कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार एव सेवायोजन (EST&P) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2015–16 से NSDC पार्टनर संस्थाओं द्वारा प्रदेश के 31 शहरों वाराणसी, कानपुर, शाहजहॉपुर, लखनऊ, जौनपुर, गोरखपुर, मुरादाबाद, इटावा, आगरा, गाजियाबाद, झांसी, इलाहाबाद, औरैया, दादरी(जी0बी0नगर), फिरोजाबाद, कन्नौज, खुर्जा(बुलन्दशहर), बस्ती, शिकोहाबाद(फिरोजाबाद), बरेली, अलीगढ़, मंझनपुर(कौशाम्बी), बांदा, मेरठ, फैजाबाद, मोदीनगर(गाजियाबाद), सहारनपुर, भिन्गा(श्रावस्ती), लोनी(गाजियाबाद), खलीलाबाद(संतकबीर नगर) एवं ज्ञानपुर(भदोही) में शहरी गरीबों हेतु कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2016–17 समाप्त हो चुका है और NSDC पार्टनर संस्थाओं द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों के असेसमेंट करा कर प्रमाण पत्र MIS पर अपलोड नही किया गया है और न्यूनतम 50% सेवायोजन कर MIS पर अपलोड नही किया गया है।

सूडा मुख्यालय स्तर पर आयोजित मासिक समीक्षा बैठकों में शहर स्तरीय अधिकारियों द्वारा यह संज्ञान में लाया जा रहा है कि NSDC पार्टनर संस्थाए प्रमाण पत्र एवं सेवायोजन का विवरण MIS पर अपलोड नही किया जा रहा है एवं शहर स्तरीय अधिकारियों द्वारा पार्टनर संस्थाओं से सम्पर्क करने पर वार्ता और सूचनाएं उपलब्ध नही कराई जा रही है और शहर स्तरीय बैठकों में पार्टनर संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग भी नही किया जा रहा है।

EST&P घटक के अन्तर्गत कौशल प्रशिक्षण कार्य प्रदेश सरकार के प्राथमिकता कार्यो में सम्मिलित है और भारत सरकार द्वारा निरंतर बैठकों में इसकी समीक्षा की जा रही है, अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण भारत सरकार द्वारा असंतोष व्यक्त किया जा रहा है।

अतः आपसे उपरोक्त के संबंध में अपेक्षित है कि उपरोक्त शहरों में कौशल प्रशिक्षण कर रही सभी NSDC पार्टनर संस्थाओं को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें, की पार्टनर संस्थाएं एक सप्ताह के अंदर शहर स्तरीय अधिकारियों से सम्पर्क करते हुए बैठक/समीक्षा द्वारा सभी आवश्यक सूचना, प्रमाण पत्र एव सेवायोजन अपलोड कराना सुनिश्चित करें ताकि भारत सरकार की अपेक्षानुसार प्रगति सुनिश्चित हो सके।

भवदीय,

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपिः प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. संयुक्त सचिव, आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. प्रमुख सचिव, नगर विकास एवं नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, समस्त एन0एस0डी0सी0 जनपद, उ0प्र0।
4. उक्त एन0एस0डी0सी0 शहरों के समस्त परियोजना निदेशक/सिटी प्रोजेक्ट आफिसर एवं परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
5. वेब मास्टर, सूडा को सूडा की वेब साइट पर अपलोड करने हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक